हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 9 नवंबर 2025





# सात हजार लोगों ने एक साथ किया गुरबानी पाठ, बना रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिख धर्म के गुरू श्री तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर के दिग्विजय स्टेडियम में विशेष समूह गुरबाणी पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 7000 से अधिक लोग शामिल हुए और सामूहिक पाठ करते इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने भी यहां गुरू पाठ किया।

आगामी 25 नवंबर को गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350वीं शताब्दी वर्ष को लेकर आज दिग्विजय स्टेडियम में गुरबाणी पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजनांदगांव जिले सहित आसपास जिले से सिख समाज के लोग शामिल हुए। वहीं 3000 से अधिक विभिन्न स्कूलों के बच्चे भी पहुंचे। उन्होंने यहां सामूहिक गुरबाणी का पाठ किया, जो एक रिकॉर्ड भी बना।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुरु तेग बहादुर की शहादत को नमन करते कहा कि गुरू तेग बहादुर ने धर्मांतरण रोकने का काम किया। औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक में उनका शीश कटा दिया। गुरू तेग बहादुर का यह बलिदान धर्म की रक्षा के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन कर रहे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ऐसे ही शहीदों की वजह से आज हिंदुस्तान मजबूत बना हुआ है। यहां हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई की संरचना की जड़ इतनी मजबूत है कि हजारों साल से जुड़ी हुई।



## गुरू तेग बहादुर का 350वीं शहीदी वर्ष

### एक साथ बने दो वर्ल्ड रिकार्ड

गुरबाणी के सामूहिक पाठ को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यूएसए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, छत्तीसगढ़ बुक ऑफर रिकॉर्ड की नेशनल वाइस प्रेसिडेंट डॉ. नेहा गुप्ता उपस्थित रही। इस दौरान उन्हें लगभग 5000 लोगों के आयोजन में शामिल होने के रिकॉर्ड को लेकर जानकारी दी गई थी, लेकिन इस आयोजन में 7000 से अधिक लोगों ने शामिल होकर गुरबाणी का पाठ किया, जिसे लंदन और यूएसए बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इस रिकार्ड को लेकर डॉ. नेहा गुप्ता ने कहा कि अभी यूएसए और लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इसे दर्ज किया गया है। वहीं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के अनटाईटलड हो गया है।

### सद्भाव और एकता का संदेश

साम्प्रदायिक, सद्भाव और आध्यात्मिक एकता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुबह 10.15 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री गुरू तेग बहादुर साहब द्वारा रचित गुरबाणी सलोक महला 9वां का सामूहिक पाठ किया गया। इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, उद्योगपति



बहादुर अली, बल्देव सिंह भाटिया, पूर्व महापौर हेमा देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### पड़ोसी जिलों के भी लोग हुए शामिल

राजनांदगांव गुरू दी संगत वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस गुरबाणी पाठ में सभी जाति धर्म के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए। जिसमें सामूहिक संगत किया गया। समिति के सदस्य इंद्रपाल सिंह ने बताया कि संगत के लिए राजनांदगांव, डोंगरगढ़, देवरी, बालोद, बाघनदी, दुर्ग, भिलाई रायपुर सहित अन्य क्षेत्र से संगत करने लोग पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लिम्का और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने के लिए अप्लाई किया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 8000 लोग आयोजन में शामिल हुए।

## घंटों तक जाम रहा एनएच, ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

# एनएच का घटिया निर्माण, हादसों से खफा लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नेशनल हाईवे-930 दल्लीराजहरा से मानपुर नवनिर्मित हाईवे में किए गए भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के साथ लगातार मिल रही मौत से मानपुर मुख्यालय सहित वनांचल क्षेत्र उग्र हो गया है। आज सड़क में उतारते हुए भारी भीड़ ने घंटों नेशनल हाईवे जाम रखा। युवक कांग्रेस की अगुवाई में हुए इस आंदोलन में लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

उल्लेखनीय है कि मानपुर बस स्टैंड में कांग्रेस के पदाधिकारी आम नागरिक तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि नेशनल हाईवे-930 में धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। निर्माणाधीन झलमला से कोहका नेशनल हाईवे का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन छह माह में ही नवनिर्मित हाईवे में किए गए व्यापक भ्रष्टाचार घटिया निर्माण के कारण हाईवे जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होकर गड्ढों में तब्दील हो गया है। हाईवे का पुल-पुलिया अप-डाउन है। जिसके चलते खड़गांव, मानपुर, ईरागांव, कोरकट्टी क्षेत्र में निर्माण से अब तक दो दर्जन से ऊपर ग्रामीणों की कुचल-कुचल कर अकाल दर्दनाक मौत हो चुकी है। इस प्रदर्शन में जिला युकां अध्यक्ष मनीष निर्मल, ब्लॉक अध्यक्ष लछू साबले, जिला पंचायत सदस्य सुशीला भंडारी, पूर्व मंडी अध्यक्ष अवध चुरेन्द्र, महामंत्री उपेंद्र मिश्रा, रवेन्द्र मांझी, राजु पोटाई, चाणक्य मेरिया, सरपंच सुखूराम मंडावी, रामदास जाडे, शुकलाल उसेंडी, युकां ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, सदाराम कोमरे, सुरेश गंधर्व, सदित सिह, नवलू तुलावी, बिंदा काचलामे, राजकुमारी मंडावी, तनुज मंडल, मोनु मंडावी, अजित खान, सुजित बाला, देवा सारथी, सागर सिन्हा, निखिल यादव, नितेश दानी, कप्पी नुरेटी, अरिहंत जैन, छोटखान, डमरू पटेल व ग्रामवासी व कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### एनएच में आए दिन दुर्घटनाएं

एक सप्ताह से इस सड़क पर आए दिन हो रहे दुर्घटना से क्षेत्र में माहौल गरम था कि शुक्रवार को जबकसा नदी के पास पीचिंग के लिए खोदे गए गड्ढा में जाकर एक युवा की मृत्यु हो गई और शाम को ही माल्हर मोड के पास मोटर साइकिल से हाईवा का टक्कर हो गया। जिसमें घायल की स्थिति नाजुक है। आज घटना को लेकर ग्रामीणों एवं कांग्रेसियों द्वारा धरना प्रदर्शन और चक्काजाम कर मृतक परिवार को 10 लाख का मुआवजा, ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करते एक सप्ताह के अंदर सड़क में गड्ढे को भरने का आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है।

### अफसरों से हुई नोकझोंक

प्रदर्शन के दौरान नेशनल हाईवे-930 के अधिकारियों एवं कांग्रेसी नेताओं के बीच जमकर कहा-सुनी हुई। कांग्रेसियों ने पूर्व में भी हुए आंदोलन का हवाला देते कहा कि हादसे में रोक तथा नवनिर्मित नेशनल हाईवे की जर्जर स्थिति पर प्रगति और सुधार नहीं हुआ, इसी के चलते मानपुर क्षेत्र उग्र हुआ है। वहीं सड़क में पहले की अपेक्षा और अधिक गड्ढे खोदकर छोड़ दिए हैं और गड्ढे वाली जगह में किसी प्रकार की सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। कहा-सुनी के बीच मानपुर तहसीलदार ने आकर बीच-बचाव किया।

### धरनास्थल के सामने हुई दुर्घटना

नेशनल हाईवे-930 की स्थिति इतनी खराब है कि चक्काजाम के दौरान ही मंच में भाषण चल रहा था और सामने एक बुजुर्ग अपने बच्चे के साथ हादसे का शिकार हो गया। जिससे आनन-फानन में मंच से ही दौड़कर जनप्रतिनिधियों ने उठाया। यह नेशनल हाईवे की स्थिति बन चुकी है। युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने कहा कि नेशनल हाईवे का नाम बदलकर मौत का हाईवे कर देना चाहिए।

# गुजरात से गंडई में नशीली दवाओं की तस्करी, नाबालिग सहित सात पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर करारा प्रहार किया है। पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल का परिवहन कर रहे छह आरोपियों और एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 398 स्ट्रीप यानी 3184 नग ट्रमाडोल कैप्सूल जब्त की गई है। इसके अलावा पुलिस ने दो मोटर साइकिल और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। जिसकी कुल कीमत 1,66,669 रुपए आंकी गई है।

सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि थाना गंडई क्षेत्र में कुछ लोग अवैध नशीली कैप्सूल बेचकर नवयुवकों को नशे के दलदल में धकेल रहे हैं, जिस पर पुलिस टीम द्वारा इन अवैध टैबलेट विक्रेताओं पर कड़ी नजर रखी जा रही थी। शुक्रवार को मुखबीर से विशेष सूचना प्राप्त हुई कि गंडई निवासी मोहित टंडन एवं राहुल गायकवाड़ उर्फ चोंटी को अन्य आरोपी शाहबाज खान, दिलेश्वर उर्फ खीनवा, शैलेष टंडन एवं उत्तम रात्रे ने गुजरात से नशीली ट्रामाडोल कैप्सूल खरीदी करने भेजा है। ये तस्कर गुजरात के भरूच जिले के दहेज से भारी मात्रा में नशीली कैप्सूल लेकर दो मोटर साइकिल से गंडई की ओर आ रहे थे।



### सप्लाई चेन पर होगी कार्रवाई

प्रकरण में प्रतिबंधित मादक पदार्थ के सप्लाई चेन में संलिप्त अन्य लोगों की भी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी। जिसके लिए सप्लाई चेन की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

- **लक्ष्य शर्मा**, एसपी, केसीजी

**घेराबंदी कर पकड़ा, बैग से मिली स्टीप :** सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते गंडई के ग्राम ठंढार के मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा और रेड कार्रवाई की। आरोपियों एवं विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से दो बैग में ट्रमाडोल की 398 स्ट्रीप (3184 नग कैप्सूल) बरामद कर जब्त की गई।

### एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई

सभी आरोपियों और विधि से संघर्षरत बालक को एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित पिता धनुक 35 वर्ष निवासी गंडई, राहुल गायकवाड़ उर्फ चोंटी पिता बीरेन्द्र गायकवाड़ 22 वर्ष वार्ड नं. 08 रावणपारा गंडई, शहबाज खान उर्फ पप्पू पिता शकील खान 33 वर्ष निवासी वार्ड नं. 11 गंडई, शैलेष कुमार टंडन उर्फ सिल्ली पिता राधेश्याम टंडन 33 वर्ष निवासी गंडई, उत्तम रात्रे पिता दुलीचंद रात्रे 24 वर्ष निवासी वार्ड 08 रावणपारा गंडई और एक विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक।

# नाबालिग को बहला-फुसला कर ले गया, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिक को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 6 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक पोती को कोई बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। पुलिस के अनुसार छुरिया द्वारा कार्रवाई करते 7 नवंबर को पीड़िता को बरामद कर पीड़िता के कथन अनुसार आरोपी द्वारा पीड़िता से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती बनाकर उसे फोन कर अपने साथ भगाकर ले जाना।

### आरोपी पर कार्रवाई

पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने पर प्रकरण में धारा-64(2)(झ) बीएनएस एवं 4 पाक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी का पता तलाश कर अभिरक्षा में लेकर आरोपी हेमंत मानिकपुरी 20 साल निवासी वीरेंद्र नगर जिला महासमुंद को पूछताछ किया। अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 8 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा रहा है।

## माय एंगल




एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
मधुमेह, थॉयराइड एवं हार्मोन विभाग
डॉ. रजत देब
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (एंडोक्राइनोलॉजी)
हाई-लो बी.पी., हाई कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, इंसुलिन से संबंधित जानकारी, मेटाबोलिक बोन डिजीज, इनफर्टिलिटी, बच्चों में छोटा कद, पीसीओडी, कमजोर हड्डियां, पुरुषों में स्तन वृद्धि, सेक्सुअल डिसफंक्शन, प्रजनन संतान प्राप्ति और सेक्स से संबंधित, महिलाओं के चेहरे पर अधिक बाल।
दिन सोमवार से शनिवार समय दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक
पेट, आंत, लिवर एवं पैंक्रियाज विभाग
डॉ. अभिजीत जैन
एमबीबीएस, एमएस
एमसीएच (सर्जिकल गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट)
भूख ना लगना, एसिडिटी, पेट में जलन, घाव, गांठ, पानी भरना, टीबी, लिवर में चर्बी जमना, हेपेटाइटिस, आंतों का कैंसर, पित्त की नली में पथरी, खाना ना पचना व पेट, आंत लिवर से संबंधित अन्य बीमारियां।
दिन सोमवार से शनिवार समय : दोपहर 01 बजे से 04 बजे तक
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मेनेजर | | 2. गंडई | 3 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. डोंगरगांव | 2 पद |
| 2. चिचौला | 1 पद | 4. छुरियां | 2 पद |
| सेल्समेन | | 5. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| 1. खैरागढ़ | 5 पद | 6. मैकेनिक- गंडई | 1 पद |

इंटरव्यू दिनांक 09/11/25 रविवार
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

DELHI PUBLIC SCHOOL
DURG
Day-cum-Residential School



UNIQUE PRACTICES
Communication Skills programme
Finishing School Programme
Project Based Learning
Parallel Classes programme
Health and Food Craft Programme
MS. PUNITA NEHRU
PRINCIPAL & DIRECTOR, DPS DURG
Scan here to Register for the Admission
SCAN ME
ADMISSIONS OPEN
Nursery to IX & XI
SCIENCE
COMMERCE
HUMANITIES
2026-27
A Tradition of Excellence...
For More Information Call
+91-9285100606/07
admission@dpsdurg.edu.in
www.dpsdurg.edu.in
Delhi Public School, Durg, Junwani Road, P.O. Nehru Nagar, Bhilai

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार पिकअप नदी में गिरी

**चिचोला।** नागपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप नियंत्रण खोते हुए डिवाइडर तोड़ते नदी में गिर गया। घटना में कोई हताहत नही हुआ लेकिन चालक परिचालक को हल्के चोटे लगी है। पिकअप में सुअर भरे थे। कई सुअर दबकर खत्म हो गए। महीने भर पहले पत्ता गोभी से भरा ट्रक पलट गया जिसमे दबकर 2 की मौत हो गई थी। लगातार हादसे होने के बाद भी प्रशासन और फोर लेन कंपनी नियंत्रण के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।



### बघेल के काव्य संग्रह होही तभे अँजोर का विमोचन

**डोंगरगांव।** रायपुर के वृंदावन हॉल में गत दिनों राज्य स्तरीय दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नौ साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन हुआ, जिसमें नगर के महेंद्र कुमार बघेल का छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह होही तभे अँजोर भी शामिल था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरला शर्मा थी। अध्यक्षता डॉ. सुरेश कुमार देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. मानिक विश्वकर्मा, सपना निगम, अरुण निगम, डॉ. सुधीर शर्मा थे। झन्नाटा तुंहर द्वार व्यंग्य संग्रह के पश्चात श्री बघेल की दूसरी कृति प्रकाशित हुई है। इस मौके पर राजकुमार चौधरी ने होही तभे अँजोर छंद संग्रह पर समीक्षात्मक चर्चा करते हुए काव्य तत्व के विभिन्न पहलुओं पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में शेरसिंह परतेती, ओमप्रकाश साहू, लखनलाल साहू, नंदकिशोर साव, हेमलाल सहारे, कन्हैया मेश्राम और नंद कुमार साहू शामिल हुए।




### छात्रों को दी एड्स से बचाव की जानकारी

**अर्जुनी।** एचआईव्ही एड्स की रोकथाम और विद्यार्थियों को जागरूक करने नवीन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार रेड रिबन क्लब ने धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने एचआईव्ही वायरस की प्रारंभिक जानकारी दी। उन्होंने संक्रमण के लक्षण, उपचार, सावधानी, सुरक्षा और ग्रसित लोगों से सामान्य व्यवहार की जानकारी दी। तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता शुभी जैन ने विद्यार्थियों को नशे की लत के पीछे की न्यूरोलॉजिकल प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आसान उपलब्धता और त्वरित आनंद ही नशे की लत लगने का कारण होता है। यदि दोनों बातों का ध्यान रखा जाए तो नशे से बच सकते हैं। अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने शिक्षा और पर्यावरण के बारे में बताया। कार्यक्रम में कक्षा 10वी एवं 12वीं के छात्र- छात्राएं शामिल हुए।



### बिजली कटौती के खिलाफ धरना

**डोंगरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी लाल बहादुर नगर एवं मंडल कांग्रेस कमेटी ने अघोषित बिजली कटौती और बढे बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ब्लाक अध्यक्ष हीरा सोनी, राकेश सिन्हा, एलियास जान, उत्तम सिन्हा, पवित साहू, घनश्याम साहू, शिव झाडे, लोकेश साहू, परमानन्द दामाहे ने सम्बोधित करते हुए सरकार की जमकर खिंचाई की। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया। धरना प्रदर्शन मे ब्लाक कांग्रेस कमेटी एवं मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली शपथ

**राजनांदगांव।** भारत के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" 31 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के समस्त थाना व पुलिस चौकियों एवं रक्षित केन्द्रों में शपथ समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में जिले के रक्षित केन्द्र, सभी थाना एवं चौकियों में संबंधित प्रभारियों द्वारा भी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने यह संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने में अपना निष्ठापूर्वक योगदान देंगे। इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान एवं उनकी दूरदर्शिता को नमन करते उनके द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता और सद्भाव के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

### कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर म्युनिसिपल स्कूल मैदान राजनांदगांव में तीन दिवसीय राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया गया। राज्योत्सव के तृतीय दिवस जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री, पीएमश्री सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शा.उ.मा. विद्यालय, नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कामनी साहू के छत्तीसगढ़ी लोक गीतों ने समा बांधा। चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र के कलाकारों ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के कलापथक दल द्वारा प्रस्तुति दी गई। आस्था, अभिलाषा व महासमुंद जिले से आए दिव्यांग कलाकारों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं संस्थानों के कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से राज्योत्सव 2025 के आयोजन को यादगार बनाया। विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## वर्षगांठ पर हो रहे विविध सांस्कृतिक आयोजन

# चंहु ओर वंदे मातरम् की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़




राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150वीं वर्षगांठ के स्मरण उत्सव को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में उत्साह के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य, शिक्षक तथा विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। इस दौरान अंजलि तथा पारुल ने भाषण तथा गीत के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रस्तुत किया। कक्षा 10वीं की छबि, प्रियल, भावना, चहक, सुमन, भावना ने वंदे मातरम का गायन किया। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के निर्देशन में 11 वीं पल्लवी, झमिता, हेमलता, चंचल, ललिता, तारिणी ने वंदेमातरम पर नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राचार्य आरके देवांगन ने वंदे मातरम के इतिहास के बारे में बताया। व्याख्याता पवन सिन्हा ने बताया कि यह गीत हमारी राष्ट्रीयता, संस्कृति का संगम है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इसे एक मंत्र के रूप में उद्घोष किया जाता था। संचालन अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, सीपी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन यादव आदि उपस्थित थे।

### वंदे मातरम् पर निबंध स्पर्धा में प्राची विजेता

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में शनिवार को वंदे मातरम की 150 वर्षगांठ पर साल भर आयोजित होने वाले स्मरणोत्सव पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में तीनों संकाय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम प्राची देवांगन बीएससी तृतीय, द्वितीय स्थान रितु बीए तृतीय और तृतीया स्थान भारती साहू बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ काव्या जैन, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, डॉ हेमलता विरदी, योगिता ठाकुर, हरबंस चौरगे, ओमप्रकाश सहारे, मोनीष खान, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर देवांगन, माधुरी देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ संजू सिंह एवं संचालन शुभी जैन ने किया।

### वर्षगांठ पर निकली साइकिल रैली

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष राधे मोहन वैष्णव, सदस्य विरेन्द्र जंघेल, संतोषी जंघेल, अश्विनी वैष्णव, उमेश कुमार जंघेल, शिक्षक हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिवकुमार पारदी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारदी अनिता मेरावी, बबिता ठाकुर, वेदकुमारी पाली, अभिषेक अहिरवार, शोभना बोपचे, दिपावली जंघेल, पारस मणी सिन्हा तथा 515 छात्रो की उपस्थिति में वंदे मातरम का गायन किया गया। गायन पश्चात स्काउट गाइड के छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थित नागरिकों ने सायकिल रैली निकाली गई जिसमें हिट इंडिया फिट इंडिया, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा आदि के नारों से ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। इस मौके पर छात्रों ने चित्रकारी, रंगोली का प्रदर्शन किया।

### सुना प्रधानमंत्री का उदबोधन

**जालबांधा।** वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नवीन शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सरपंच जयराम वर्मा, पवनतरा के सरपंच राजेन्द्र वर्मा एवं अन्य उपस्थित थे। प्रारंभ में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता, सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन सहित विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। तत्पश्चात सभी ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। डॉ. गुप्ता ने वंदे मातरम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। प्रो. देवांगन एवं अध्यक्ष श्री साहू ने संबोधित किया।







## माल वाहकों से सफर कर रही मजदूर महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- मालवाहकों में ठूंसकर लाई जा रही महिलाएं

धान कटाई करने के लिए शहरों से महिलाओं को खेतों तक पहुंचाने के लिए मालवाहकों का उपयोग किया जा रहा है। छोटे-छोटे मालवाहकों में 15 से 16 महिलाएं सवार होकर खेतों की ओर रवाना होती हैं जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि जानलेवा भी है।

जानकारी के अनुसार पूरे क्षेत्र में इस तरह की जोखिमभरी सवारी आम बात हो गई है। जिम्मेदार अधिकारी और परिवहन विभाग इस ओर से आंख मूंदे हुए हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष बोरई के पास भी एक हादसा हुआ था, जिसमें कई महिलाओं को चोटें आई थीं। इस घटना से प्रशासन ने सबक नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों तक पहुंचने के लिए अन्य साधन नहीं होने से महिलाएं मजबूरी में मालवाहकों से सफर करती हैं।

### बड़े वाहन का उपयोग नहीं

इस संबंध में सवाल यह उठता है कि महिलाओं को काम पर ले जाने के लिए सुरक्षित वाहन की सुविधा क्यों नहीं दी जा रही। इस संबंध में किसी भी किसान का जवाब नहीं आया है। स्पष्ट है कि मालवाहक पैसे को लालच में जानलेवा यात्रा करा रहे है।

### मातेखेड़ा की 5 छात्राएं चयनित

**कल्लूबंजारी।** राज्य स्तरीय सब जूनियर खो खो प्रतियोगिता बालोद में 8 से 11 नवम्बर से आयोजित है। प्रतियोगिता के लिए मातेखेड़ा मिडिल स्कूल की 5 छात्राओं का चयन हुआ है। दुर्ग संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता मे राजनंदगांव की बालिका टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस टीम में शामिल खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में डीगेश्वरी, चार्ली और इशकुमार आदि शामिल हैं। स्कूल के प्रधान पाठक शेरसिंह परतेती, अमरदास बंजारे, जसवंत साहू, रुपचंद हमराज, जयनारायण सार्वा, संजय कोर्राम, संकुल प्राचार्य व्हीके मंडलोई, संकुल समन्वयक टोमन साहू, पीटीआई अखिलेश खरे ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## अतिक्रमण की चपेट में तालाब, कुओं को भी पाट दिया लोगों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

साल दर साल गहराते जल संकट को देखते हुए तालाबो और कुओं को सुरक्षित करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के कारण शहर के आधे से ज्यादा कुएं को कचरों से पाट कर लगभग बंद कर दिया गया है। शहर में तेजी से अतिक्रमण होने के कारण तालाब भी खत्म करने के कगार पर है। जेल रोड स्थित पुराने तलाब के आसपास कब्जा कर लोगों ने मकान बना लिया था। अब तालाब की खाली जमीन पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण किया जा रहा है। लगभग आधे तालाब पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। प्रशासनिक कार्यवाही नही होने से अतिक्रमण का दायरा बढते जा रहा है। तालाबों पर हो रहे अतिक्रमण से नागरिक चिंतित हैं। उनका कहना है कि आने वाले समय में जल स्तर घटने से उन्हें गंभीर पेयजल एवं निस्तार संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पुनः आरंभ

**मोहला।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 3.0 को पुनः प्रारभ किया जा रहा है। योजना के तहत उन सभी पात्र परिवारों को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा जिनके पास अब तक गैस कनेक्शन नहीं है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को आवेदन सह घोषणा पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति, परिवार के सभी सदस्यों के अलग-अलग पन्नों में आधार कार्ड की छायाप्रति तथा महिला मुखिया के बैंक खाते की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

उज्जवला योजना के तहत ग्राम पंचायत वार क्लस्टर बनाकर सचिवों के माध्यम से हितग्राहियों के आवेदन एकत्र किए जाएंगे। जमा किए गए आवेदनों के परीक्षण के बाद पात्र हितग्राही को अपने निकटतम गैस एजेंसी में जाकर ई-केवाईसी कराना होगा, जिसके बाद ही उन्हें गैस सिलेंडर प्रदान किया जाएगा।

## नागपुर में बजा सखी डांस ग्रुप का डंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



वनांचल के ग्राम बूचाटोला के सखी डांस ग्रुप के कलाकारों ने गत दिनों गोपालपुर और नागपुर में आयोजित डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला में दिशा, खुशबू, करूणा मंडावी, लाकेश्वरी कोमरे, गायत्री कंवर, पूनम मंडावी, मीनाक्षी कोमरे एवं यशोदा उइके शामिल है। कोरियोग्राफर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के छात्र एवं डोम्हाटोला निवासी जीनूराम, पीहू वर्मा है जो इन आदिवासी छात्राओं को लोकनृत्य का प्रशिक्षण देते है। सहायक लोकनृत्य प्रशिक्षिका शशि कंवर है। नागपुर में गुलमोहर ह्यूमन वैलफेयर आर्गेनाइजेशन मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर गवर्नमेंट आफ इंडिया ने लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें सखी डांस ग्रुप बूचाटोला ने विजेता का खिताब हासिल किया। सरपंच अलेन्द्र कंवर, उपसरपंच अनुप मंडावी, पूर्व जिपं सभापति ललिता कंवर, दिलीप कोरेटी, धुरसिंह कंवर, दिनेश कोरेटी, भागवत पुराम एवं सियाराम कोर्राम आदि ने कलाकारों को बधाई दी है।

## विकास के लिए विधायक ने दिए दस लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- श्रद्धा के साथ मनाया गया संत सुदर्शन महाराज की जयंती

संत सुदर्शन महाराज की जयंती के अवसर पर सुदर्शन वाल्मीकि समाज ने कार्यक्रम आयोजित कर समाज के मेधावी छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र और सफाई कर्मचारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समाज की महिलाओं ने सामुदायिक हॉस्पिटल में फल वितरण किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने स्वच्छकार समाज को असली योद्धा बताते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा किया। उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख के कार्य की घोषणा की। अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल ने वर्चुअल माध्यम से 5 लाख सीढ़ी और मंच के लिए 5 लाख का पुलिया बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि हरीश भंडारी, नरेश करसे, किरण मेश्राम, शिवांगी साखरे, जितेंद्रसिंह भाटिया, रामजी तराने, बृजलाल समुद्रे, गोपाल डकहा, शिवचरण समुद्रे थे। इस दौरान विजय करसे, राज डकहा, अजय करसे, विनोद, लक्ष्मण करसे, गोविंद समुद्रे, उत्तम समुद्रे, सतीश समुद्रे, शिवेन्द्र समुद्रे, अरुण हत्थेल, रुपेश बघेल, दीपम बघेल, रितेश हथेल, राजू डकहा, मयूर हथेल, सुधीर बघेल, सुरज रगडे, अमर समुद्रे, अजीत हत्थेल, सुजीत करसे, रवि करसे, विक्रम रगड़े, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, हिमांशु डकहा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन उमेश हथेल ने किया।



## शिक्षा और अनुसंधान में एआई मददगार : राव

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति के निर्देशन में पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन शुभारंभ के बाद सभी ने वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई के अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव शामिल हुए। डॉ. राव ने एआई के माध्यम से सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का विकास तथा डिजिटल युग में शिक्षा एवं अनुसंधान रूपांतरण विषय पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण दिया। डॉ. राव ने बताया कि एआई का प्रयोग शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षेत्र में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहा है, परंतु इसके प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एआई से प्राप्त जानकारी शत-प्रतिशत सही नहीं होती, अतः सही जानकारी की पहचान करने की क्षमता विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने डेटा गोपनीयता और साइबर सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को निजी जानकारी अथवा दस्तावेज एआई माध्यमों पर साझा नहीं करना चाहिए। अंत में डॉ. राव ने डेटा चोरी एवं साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने प्रो. राव को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गोपाल कृष्ण यादव ने किया।

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लूएंस कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य डाकघर राजनांदगांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को डाक विभाग की कार्यप्रणाली, सेवाओं तथा डिजिटल परिवर्तन की प्रक्रिया से अवगत कराना था। विभागीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने डाकघर के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से संवाद स्थापित किया।

राजनांदगांव मुख्य डाकघर द्वारा किए जाने वाले प्रमुख कार्यों में स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक, पार्सल सेवा, मनी ऑर्डर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सेवाएं, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाक बचत योजनाएं तथा डिजिटल इंडिया पोस्ट सेवा शामिल है। साथ ही मुख्य डाकघर में नागरिकों के लिए आधार पंजीकरण एवं सुधार केंद्र, फ्रैंकिंग सेवा तथा ई-कॉमर्स पार्सल वितरण जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। डाक अधीक्षक विवेक ने बताया कि "आज की युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि डाक विभाग केवल पत्र भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक और डिजिटल प्रगति का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। छात्रों में इस व्यवस्था को समझने की जिज्ञासा देखकर हमें अत्यंत प्रसन्नता हुई।" कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि "ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ये विद्यार्थियों को न केवल व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय प्रक्रियाओं से भी परिचित कराते हैं। डाकघर भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### एसआईआर के लिए अकबर नांदगांव के संयोजक



**राजनांदगांव।** प्रदेश के पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर को कांग्रेस ने चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर लागू करने के बाद निगरानी के लिए संयोजक नियुक्त किया है। राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अकबर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। वह राजनांदगांव लोकसभा में बतौर संयोजक एसआईआर की मॉनिटरिंग करेंगे। साथ ही वह समय-समय पर एसआईआर की पारदर्शिता को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत भी कराएंगे। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जिलों के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस ने संयोजक का दायित्व प्रमुख नेताओं को सौंपा है। इसी कड़ी में मो. अकबर को राजनांदगांव की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ समेत देश के दर्जनभर राज्यों में एसआईआर यानी स्पेशल समरी रिविजन लागू किया है। इसके तहत चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को नए सिरे से अपडेट करेगा। इसके लिए वोटर्स को पहचान के लिए अपने दस्तावेज दिखाना होगा। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है। एक तरह से कांग्रेस नेताओं को संयोजक बनाने के पीछे पार्टी का चुनाव आयोग की गतिविधियों पर नजर रखना है।

### संसार की सबसे बहुमूल्य धन-संपत्ति दुआएं होती है

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता विषय पर एक



प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर मेघना कोठारी जैन द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने कहा कि दुआएं संसार की सबसे बहुमूल्य धन-संपत्ति होती है। हर मनुष्य का यह धर्म होना चाहिए कि वे अधिकाधिक दुआएं कमाने का प्रयास करें। दुआ रूपी धन से सच्ची खुशी मिलती है। भौतिक संसाधनों से प्राप्त खुशियां नाशवान होती है। व्यक्ति भौतिक वस्तुओं की हानि होने पर ज्यादा दुखी होता है, लेकिन उन्हें इनकी परवाह न करते दुआओं में अपनी सच्ची खुशी अर्जित करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यशाला में प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा गया था। विद्यार्थियों की ओर से आदित्य सिंघानिया तथा चारूल ने अपनी समस्या का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा पत्रकार लक्ष्मण लोहिया द्वारा भी विविध प्रश्नों के माध्यम से समस्याओं को मेघना कोठारी जैन के समक्ष रखा गया। जिनका उन्होंने उचित समाधान प्रस्तुत किया। कार्यशाला का संचालन करते शालिनी नायर और मोनिका रॉय ने बताया कि मेघना आई आईटियन होने के साथ-साथ इक्यू की चीफ मेंटोर, अमेजन की टॉप मोस्ट आईटी प्रोफेशनल भी है। वे राजयोग की प्रेक्टिशनर होने के साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता की विशेषज्ञ भी है। कार्यशाला में विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, डॉ. मोहन पारख, वरिष्ठ नागरिक सुरेश कोठारी, गौतम कोठारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### न्यूज़रूम में एआई का अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं पत्रकारिता विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. बीएन जागृत के मार्गदर्शन में न्यूज़ रूम में एआई का अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. बिचित्रानंदा पंडा उपस्थित थे। कार्यशाला में न्यूज़रूम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग पर चर्चा करते मुख्य अतिथि डॉ. पंडा ने कहा कि एआई के दौर में भी मानवता को बनाए रखना जरूरी है और हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। एआई एक शक्तिशाली तकनीक है, जो विभिन्न क्षेत्रों में क्रांति ला सकती है। पहले के पत्रकार बड़ी मेहनत से समाचार तथ्यों को संकलित करते थे और हाथों से लिखकर समाचार तैयार किया करते थे। वहीं अब एआई प्रणाली के आ जाने से ड्राफ्ट निर्माण करना हो या ट्रांसलेट करना हो सब कार्य अब आसान हो गया है। एआई की क्षमता का उपयोग कर हम विभिन्न समस्याओं का समाधान कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए हमें इसके कमजोरियों को समझना और उन पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि एआई के अवसरों का लाभ उठाने हमें इसके नैतिक और सामाजिक प्रभावों पर भी विचार करना होगा। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में विद्यार्थियों को सात समूह में विभाजित कर उन्हें एआई की क्षमता, कमजोरी, समस्या व अवसर चार बिंदुओं पर विचार करने को कहा व अंत में इस समूह चर्चा का निष्कर्ष बताया गया कि एआई का उपयोग भविष्य के लिए वरदान है और लोगों को कार्य करने में सुविधा प्रदान करेगा, बशर्ते इसका सही उपयोग आना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक रेशमी साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमितेश सोनकर, विभा सिंह के मार्गदर्शन एवं पत्रकारिता के छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका निभाई।

### एक स्टेशन एक उत्पाद को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

**राजनांदगांव।** एक स्टेशन एक उत्पाद को जिले में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। जिससे स्व-सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक दृष्टि से सशक्त हो



रही है। वहीं यात्रियों एवं उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद मिल रहे हैं। जिले की पहचान के तौर पर स्थानीय लोकप्रिय विशेष उत्पाद महुआ लड्डू, महुआ आचार, जामुन चिप्स, महुआ कुकीज, महुआ स्ववैश, जामुन जूस यहां स्टॉल में बिक्री के लिए उपलब्ध है। राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 में कर्मभूमि स्व-सहायता समूह की महिलाओं का स्टॉल हर्बल उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। स्टॉल के संचालक दीपक सोनी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में वन धन केन्द्रों में महिलाओं द्वारा संग्रहित हर्बल, आंवला, हर्रा, बहेरा जैसे जड़ी-बूटी से निर्मित उत्पादों की यहां बिक्री की जा रही है। इसके साथ ही मिलेट्स कुकीज एवं अन्य उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि स्टॉल में लगभग 100 से भी अधिक हर्बल उत्पाद है। प्रिया सोनी ने बताया कि एलोवेरा जैल, शहद, शैम्पो, मेंहदी सहित अन्य उत्पादों का उपयोग करने पर मुझे बहुत अच्छा लगा। आयुर्वेद और हर्बल उत्पाद होने के कारण यहां के उत्पाद बिना किसी केमिकल के शुद्ध उत्पाद होने के कारण स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बहुत अच्छे हैं। स्व-सहायता समूह की वर्षा सोनी ने कहा कि औषधीय दृष्टि से शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों को दूर करने आयुर्वेदिक उत्पाद बिक्री के लिए यहां उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि स्टॉल में आंवला चूर्ण, त्रिफला, अश्वगंधा, मधुमेह नाशक, जामुन जूस, आंवला जूस, बेल जूस, एलोवेरा जूस, आंवला आचार, महुआ आचार, बांस करील आचार, आंवला-इमली कैंडी, आंवला पाचक, च्यवनप्राश, शहद हर्बल चाय, महाविषगर्भ तेल, भृंगराज तेल, एलोवेरा के बेबी वाश, फेस क्रीम, शैम्पो, कंडीशनर एवं अन्य जड़ी-बूटी से निर्मित 100 से अधिक हर्बल उत्पाद है।

---

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सालभर होंगे आयोजन

# वंदे मातरम् समारोह का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सालभर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अवसर का सीधा प्रसारण देशभर के सभी जिलों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में किया गया, जहां अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राओ और जनप्रतिनिधि एक स्वर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन में शामिल हुए।

कलेक्टोरेट मे भी पूर्व विधायक कोमल जंघेल, मीसा बंदी सुभाष सिंह ठाकुर, मीसा बंदी परिवार के सदस्य चैतेन्द्र तिवारी, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, जिपं सभापति दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, भुनेश्वरी जीवन देवांगन, डॉ बिसेसर साहू, खम्हन ताम्रकार, जीवन देवांगन, नीलिमा महेश गोस्वामी, नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, टीके चंदेल, गोरेलाल वर्मा, जयंत्री साहू, हर्षवर्धन वर्मा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन करते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का संदेश दिया।




### चार चरणों में होगा आयोजन

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में ऐतिहासिक पर्व को वर्षभर चलने वाले महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। देश के साथ प्रदेश में भी यह आयोजन जनभागीदारी के साथ चार चरणों में ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक भव्य रूप में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 26, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 26 हर घर तिरंगा अभियान के साथ और चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 26 तक चलेगा। इस दौरान राज्य के सभी जिलों, जनपदों, ग्राम पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, कार्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन के साथ विविध कार्यक्रम होंगे। सभी जिलों में मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष कार्यक्रम होगा।

### मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है गीत

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने उदबोधन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का महत्व और आजादी में आंदोलन में इसकी भूमिका का विस्तार से बताया। उन्होंने माँ भारती के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी नागरिकों को बधाई दी। कलेक्टर सहित विशिष्ट अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह राष्ट्रप्रेम, एकता और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस गीत ने आजादी के आंदोलन में देशवासियों को जागृत किया और आज भी यह हमें देश की अखंडता, गौरव और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रेरित करता है। सभी अतिथियों ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थापित वंदे मातरम थीम पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

---

## महाराष्ट्र की शराब बेचते पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंदाटोला पुलिस ने महाराष्ट्र निर्मित शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 नवंबर को गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर तस्दीक कर थाना गैंदाटोला के दुर्रेबंजारी चौक लुड़काबोड ग्राम मेटेपार के पास आरोपी राधेलाल सलामे 45 साल ग्राम लुड़काबोढ ग्राम मेटेपार को 12 नग देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित कीमती 960 रुपए एवं बिक्री रकम 800 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

---

## आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** एक असामाजिक तत्व द्वारा बीते दिनों भगवान अग्रसेन एवं भगवान झुलेलाल पर की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में अग्रवाल समाज राजनांदगांव ने रायपुर में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपना विरोध प्रदर्शित किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से हजारों की संख्या में अग्रवाल समाज के पुरूष-महिला एवं नवयुवक शामिल थे, जहां सर्व समाज द्वारा असामाजिक तत्व द्वारा दिए गए अभद्र टिप्पणी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया।



पूर्व में अग्रवाल सभा राजनांदगांव एवं पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा राजनांदगांव एसपी को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की अपील की गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया गया था। यह कहकर कि जहां का मामला है, एफआईआर वहीं दर्ज होगी, पर ऐसा नहीं है। अन्य प्रदेशों में उस असामाजिक तत्व के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। अग्रवाल सभा एवं पूज्य सिंधी पंचायत राजनांदगांव द्वारा शीघ्र एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

रायपुर जाने वालों में शरद अग्रवाल, आलोक बिंदल, अशोक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, हरिनारायण, विनोद लोहिया, सुशील पसारी, अजय, सुरेश, विकास, विवेक, दिनेश, अमित मित्तल, नवीन, आशीष, राजेन्द्र अग्रवाल, परमानंद गोयल, संतोष गोयल, अशोक सिंघल, चंकी अग्रवाल, डॉ. हितेश लोहिया, हितेश, भावेष अग्रवाल, विनोद जिंदल, बिशन अग्रवाल, शिव अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, प्रदिप सिंघल, विकास गोयल, रमणीक, संजय, अतुल अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, विनय गोयल, राजेश खोखरिया, राहुल अग्रवाल शामिल थे।

## कॉन्फ्लूएंस ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, शिक्षा विभाग, एलुमनी एसोसिएसन एवं विस्तार गतिविधि के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर छात्रों ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण किया और एक विशाल जागरूकता रैली के साथ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्रों ने एक विशाल जागरूकता रैली निकाली। यह रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर गोदग्राम पारीकला के विभिन्न वार्डों से होते हुए जीई रोड तक निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों में से चंदन साहू, सत्यम, प्रदीप, सौम्या, रूपाली, भुवनेश, रागिनी, चुरामन, श्रद्धा आदि छात्रों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचारों को प्रस्तुत किया और अंत में सभी विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण किया।

## सौर ऊर्जा लगाने व्यापारियों को किया गया प्रेरित, बताए फायदे

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा से बिजली लगाने के लिए व्यापारियों को प्रेरित करने चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं टाटा पावर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी शामिल हुए।

सौर ऊर्जा से उत्पन्न बिजली का उपयोग कर बिजली बिल से छुटकारा पाने और कभी ना खत्म होने वाली इस एनर्जी को अपनाने के लिए व्यापारियों के बीच जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, शासन की सोलर योजना से डॉ. जया द्विवेदी, टाटा पावर के जयेश परमार



सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते सौर ऊर्जा के फायदे बताए।

### दी गई योजना की जानकारी

कार्यशाला के माध्यम से उपस्थित व्यापारियों को अपने घर व प्रतिष्ठान में बिजली के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से सोलर एनर्जी से फायदे को बताया गया।

### जीरो मेन्टेनेंस के साथ बचत

चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से सभी व्यापारियों को सौर ऊर्जा लगाने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 7 साल से उनके घर और लगभग 2 वर्ष से उनके दुकान में सौर ऊर्जा से रोशनी हो रही है। जिससे पावर कट की समस्या नहीं होती है। वहीं पैसे की बचत होती है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पर्यावरण को संरक्षण मिलता है और सोलर लगाने से कोई अतिरिक्त खर्च भी नहीं होता है। मेन्टेनेंस जीरो रहता है। उन्होंने कहा कि तीन से चार साल में इसकी लागत भी निकल जाती है।

---

## आकर्षक प्रदर्शनी को किसानों और आम नागरिकों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 अंतर्गत जिला स्तरीय राज्योत्सव मेला में कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शित स्टॉल में रबी 2025-26 के लिए फसल चक्र प्रवर्तन अभियान हेतु किए जा रहे प्रयासों और अधिक जल मांग वाली फसलों से होने वाले नुकसान को जीवंत प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया गया।



जिसमें गर्मी के समय उगाई जाने वाले धान फसल से होने वाले जल की हानि और पर्यावरण प्रदूषण के साथ ही भू-गर्भ जल के ज्यादा दोहन से पेयजल समस्या जैसे गंभीर विषयों का मार्मिक चित्रण किया गया था। जिसने आमजनों के साथ ही किसानों को भी सोचने पर विवश किया। बड़ी संख्या में किसान अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा करते और धान के बदले वैकल्पिक फसल हेतु सुझाव लेते नजर आए। इसके साथ ही प्रदर्शनी में दलहन एवं तिलहनी फसलों के अधिक उत्पादन देने वाले कम जल मांग वाली किस्म का प्रदर्शन भी किया गया। जिससे किसानों को बीजों के चुनाव में आसानी हो। साथ ही महिला समूह द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, जिसमें परंपरागत कृषि विकास योजना एवं जैविक खेती मिशन अंतर्गत जैविक रागी, कोदो एवं जैविक चावल तथा कच्ची घानी के सरसों तेल व अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी भी स्टॉल के माध्यम से किया। इस वर्ष कृषि विभाग की यह प्रदर्शनी अपने अनोखे विषय एवं प्रस्तुतीकरण के लिए राज्योत्सव मेले में चर्चा का विषय रहा।

## दिवाली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** नगर निगम ठेकेदार संघ द्वारा इस वर्ष भी मोहारा पुन्नी मेला के पूर्व दिवस पर नगर निगम फिल्टर प्लांट मोहारा में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फिल्टर प्लांट परिसर स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ठेकेदारों और नगर निगम के तकनीकी विभाग केअधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में उत्साह के माहौल में यह आयोजन संपन्न हुआ।

पूजा पश्चात उपस्थितजनों ने एक साथ शुद्ध शाकाहारी स्नेह भोज का आनंद लिया। यह वार्षिक परंपरा नगर निगम परिवार में आपसी सहयोग, भाईचारे और सौहार्द्र की भावना को मजबूत करने का प्रतीक बन चुकी है। इस दौरान सदस्यों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते उज्ज्वल भविष्य और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में नगर निगम के ठेकेदार संघ से आलोक बिंदल, नरेन्द्र यादव, किशुन यादव, हर्ष रामटेके, अशोक पंजवानी, नोहर सिन्हा, संजय सोनी, कमल सिन्हा, समीर श्रीवास्तव, निखिल दास, अतुल अग्रवाल, नरेश रामटेके, मनोज सिन्हा, अमन कोटाड़िया, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, अंकित सिंह चौहान, अवधेश झा, अमन यादव, आशीष चोपड़ा, राहुल राजेश अग्रवाल, सुजीत सिंह, इमरान बीबा, उज्जवल कसेर, दिनेश जवरानी, प्रवीण चक्रधारी, यश दुबे, तरुण



कृष्णा, हिमांशु सोनवानी, आदित्य अग्रवाल, अमर ज्वाला, आदित्य, दीपक सिन्हा, विकेश शर्मा, रवि, पंकज राठौर, नरेश साहू, हेमंत देशमुख, वर्धन भाई, राहुल देवांगन, भीष्म देवांगन, शीतल साहू, सुरेश सिन्हा, किरण चौहान, रूबीना साहू, राजीव तिवारी, बंटी कांडे, विवेक बहादुर, हेमराज, अरविंद, सुलभ भाई, पीयूष, वरुण पांडे, नवीन अग्रवाल, अभिनव साहू, अजय श्रीवास्तव, उत्तम यादव, ओम सिन्हा, जसराज, निखिल, शरद सिन्हा, विनय बिंदल, आशीष शुक्ला, विजय शर्मा, नीलू यादव, यश परख, अमर अब्बासी, हिमांशु अग्रहरि, सूरज पंजवानी, प्रहलाद सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पारंपरिक दिवाली मिलन और सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ।


---

## तेरह वर्षीय बालमुनि की स्मरण शक्ति को देख हतप्रभ रह गए लोग

# लोगों ने पूछा सवाल और बिना देखे ही हंसभद्र मुनि ने दिया सही-सही जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पब्लिक ने पूछा 69, 55, 60, 12 और 67 नंबर में क्या लिखा है, गणाधीश प्रवर परम पूज्य विनय कुशल मुनि के सुशिष्य परम पूज्य बालमुनि हंसभद्र मुनि ने डिस्प्ले देखे बिना फटाक से जवाब दिया 69 में जिन कुशल सूरी, 55 में अयोध्या, 66 में सिलियारी, 12 में ओघा एवं 67 में विराग मुनि लिखा हुआ है।



सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष मनोज बैद के अलावा चातुर्मास समिति के संयोजक प्रदीप गोलछा, प्रभात कुमार, रितेश लोढ़ा, दिनेश लोढ़ा, आकाश चोपड़ा, ज्ञानचंद कोठारी, नरेश बैद व दिलीप गोलछा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में प्रथम बार 13 वर्षीय जैन बाल मुनि हंसभद्र द्वारा शतावधान प्रयोग किया गया। विभिन्न समाज के आमंत्रित लोगों को पहले 100 टोकन दिया गया। इसके बाद टोकन के हिसाब से उन्हें व्यक्ति महापुरुष, तीर्थ, उपकरण, पशु या पक्षी अथवा वस्तु का नाम पूछा गया, जिसे डिस्प्ले बोर्ड में दर्शाया गया। इसके बाद बालमुनि हंसभद्र के सामने से डिस्प्ले बोर्ड को हटा दिया गया और फिर उपस्थितजनों ने बाल मुनि से किसी भी क्रम से डिस्प्ले बोर्ड में लिखे शब्दों के बारे में पूछा। यही नहीं उन्होंने शब्दों का उल्लेख करते उसके क्रम के बारे में पूछा। बिना समय गंवाए हंसभद्र मुनि ने उनके प्रश्नों का सही-सही जवाब दिया। उपस्थितजन उनकी मेमोरी को देखकर आश्चर्यचकित हो गए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि प्राचीन काल में ऋषि मुनियों द्वारा की जाने वाली यह साधना जिसमें 100 अलग-अलग शब्दों (व्यक्ति, स्थान, वस्तु का नाम आदि) को क्रमानुसार स्मरण में रखना एवं उन्हें क्रम में या किसी भी क्रमांक के शब्दों/ वस्तुओं को बताना होता था, इसे ही शतावधान प्रयोग कहा गया।

### छग के पहले शतावधान प्रयोग का आयोजन

दरअसल रविवार को चातुर्मास के दौरान जैन बगीचे के नए हाल में छत्तीसगढ़ के पहले शतावधान प्रयोग का आयोजन किया गया। इसके तहत शहर के विभिन्न समाज के लोगों ने 1 से 100 तक डिस्प्ले बोर्ड में अपनी पसंद के अनुसार व्यक्ति महापुरुष, तीर्थ, उपकरण, पशु या पक्षी अथवा वस्तु का नाम लिखवाया बालमुनि हंसभद्र मुनि ने डिस्प्ले देखे बिना श्रोताओं को उनके प्रश्न पूछने के हिसाब से बिना देखे ही सही-सही जवाब दिया। लोग 13 वर्षीय बालमुनि के मेमोरी को देखकर हतप्रभ रह गए।

## 150वीं वर्षगांठ पर विद्युत कर्मियों ने शहीदों को नमन कर गाया गीत

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के शहर स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन सुना गया।

इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने विद्युत कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के उद्भव पर प्रकाश डालते बताया कि वंदे मातरम् भारत का राष्ट्रीय गीत है। जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसकी रचना 07 नवंबर 1875 को बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने संस्कृत और बंगाली भाषाओं के मिश्रण से की थी। उन्होंने इसे चिनसुरा में अपने आधिकारिक निवास के पास लिखा था। पहला सार्वजनिक गायन सन 1896 वंदे मातरम को पहली बार एक राजनीतिक अवसर



पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सन 1896 के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। इसे स्वयं रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध कर गाया था।

कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका यह गीत जल्द ही स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत और एक रैली बन गया। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में हुए स्वदेशी आंदोलन के दौरान यह गीत व्यापक रूप से लोकप्रिय हुआ और एक शक्तिशाली देशभक्ति नारे के रूप में इस्तेमाल किया गया। ब्रिटिश सरकार ने इस गीत को प्रतिबंधित कर दिया था। जिससे इसका उपयोग स्वयं में एक क्रांतिकारी कदम बन गया था।

## सार समाचार

### काला शीशा लगे वाहन पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात पुलिस ने काला शीशा लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत काला शीशा लगे वाहन पर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 8 नवंबर को पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप एवं यातायात टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन में लगे ब्लैक फिल्म (काला शीशा) पर मोटरयान अधिनियम की धारा 100 के अंतर्गत कार्रवाई कर 2000 रुपए जुर्माना वसूला। पूर्व में भी काला शीशा का उपयोग करने वाले वाहनों पर कार्रवाई किया गया है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने सभी चार पहिया वाहन चालकों से अपील की है कि वाहनों में काला शीशा का उपयोग न करें। वाहनों में काला शीशा का उपयोग करने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जाएगा। यातायात नियमों का पालन करें, असुविधा से बचे एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।



### महाराष्ट्र की शराब बेचते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंदाटोला पुलिस ने महाराष्ट्र निर्मित शराब बिक्री करने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 8 नवंबर को गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर तस्दीक कर थाना गैंदाटोला के दुर्रेबंजारी चौक लुड़काबोड ग्राम मेटेपार के पास आरोपी राधेलाल सलामे 45 साल ग्राम लुड़काबोढ ग्राम मेटेपार को 12 नग देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित कीमती 960 रुपए एवं बिक्री रकम 800 रुपए के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### शांति व्यवस्था को किया भंग, पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वालों को पकड़कर सोमनी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार ग्राम फरहद में पुलिस में रिपोर्ट की बात से आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले अनावेदक हरीश कुमार बंजारे 23 साल व हेमराज बंजारे 21 साल दोनों निवासी ग्राम फरहद थाना सोमनी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदकों को प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इश्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया एवं आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, 32 पौवा बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 32 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक डोंगरगांव थेत्र अंतर्गत 7 नवंबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री कर रहा है, जिस पर थाना डोंगरगांव की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम प्रीतम राजपूत बताया। शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर आरोपी द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी प्रीतम राजपूत 38 साल निवासी सिनेमा लाइन डोंगरगांव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप 32 पौवा रोमियो, शोले देशी शराब कीमती 2560 रुपए, बिक्री रकम 2000 रुपए एवं मोपेड वाहन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 10 को

**राजनांदगांव।** जिला पेंशनर्स एसोसिएशन राजनांदगांव की मासिक बैठक 10 नवंबर को जिला पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर राजनांदगांव में आहुत की गई है। इस बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिए जाएंगे।

### अस्थि कलश दर्शन यात्रा 10 को

**राजनांदगांव।** सिंधी समाज के लखनऊ (उप्र) स्थित 'शिव शांति आश्रम' के पीठाधीश्वर संत शिरोमणी सांई चाँडूराम साहिब जी ब्रह्मलीन हो गए हैं। देश व विदेश के संतों एवं महात्माओं सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित अनुयायियों ने श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना प्रकट की।



इसी क्रम में भारतवर्ष में उनकी ''अस्थि कलश का दर्शन एवं पुण्य स्मरण सभा'' के आयोजन के क्रम में 10 नवंबर को शाम 5 बजे से राजनांदगांव के संत कंवरराम चौराहा से उनकी भव्य अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो हेमू कालाणी नगर स्थित सतराम धाम ''झण्डा साहेब'' में सम्पूर्ण होगी। रात्रि 9.30 बजे पूज्यनीय संत जी की याद में स्मरण सभा का भव्य आयोजन भी हेमू कालाणी नगर स्थित सतराम धाम ''झण्डा साहेब'' में रखा गया है। समाज के प्रमुख मन्नूमल मोटलानी एवं संत कंवरराम सेवा मंडल के संरक्षक वासदेव मोटलानी व सचिव विजय परयानी एवं संत आसुदाराम सेवा समिति के अध्यक्ष मनोहर पंजवानी व सचिव मुकेश मोटलानी ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## निधन



### चमरूराम निषाद

**राजनांदगांव।** ग्राम सुंदरा के श्री अजयनाथ आश्रम के बाबा चमरूराम निषाद का 80 वर्ष का 5 नवंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार एवं भक्तजनों की विशाल समूह को छोड़ गए।

## दूषित पानी में ऑक्सीजन की कमी, क्षेत्र में फैली बदबू

# निकाली गई हजारों मरी मछलियां मछुआरों को लाखों का नुकसान

### शहर की नालियों से पहुंच रहे गंदे पानी से बूढ़ासागर हुआ दूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बूढ़ासागर तालाब में बीते चार दिनों से हजारों मछलियों के मरने का दौरा जारी है। इस बीच मत्स्य पालन करने वाले संबंधित ठेकेदार द्वारा शनिवार को तालाब की सफाई कराते लगभग 50 हजार से अधिक मरी हुई बड़ी मछलियां निकाली गई है। वहीं छोटी-बड़ी मछलियां मिलाकर लगभग 1 लाख के करीब यहां मछलियां मरी है। जिससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

शहर के बूढ़ासागर तालाब में ऑक्सीजन की कमी के चलते लाखों मछलियां मर गई है। जिसकी वजह से बदबू फैल रही है। आज मच्छुआरों द्वारा बूढ़ासागर तालाब की सफाई की गई। इस दौरान 8 किलो पोटाश और 10 क्विंटल चूना डाला गया है। वहीं लगभग 2 ट्राली मरी हुई मछलियों को तालाब से निकालकर दफन कराया गया है।

#### पानी में हो रहा प्रदूषण

बूढ़ासागर में मत्स्य पालन करने वाले देवेंद्र श्रीवास्तव का कहना है कि काफी दिनों से अधूरा फिल्टर प्लांट को पूरा करने की मांग उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि दूषित पानी की वजह से ऑक्सीजन की कमी हुई है। जिससे मछलियां मर रही है। उन्होंने बताया कि इससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से भी मछलियां मरती है, लेकिन सबसे ज्यादा यहां पर डाले जाने वाले कचरे का प्रदूषण है।



#### नालियों का पानी रोकने व्यवस्था नहीं

रियासतकालीन इस ऐतिहासिक बूढ़ासागर में अब तक नालियों से आकर मिल रहे पानी को अलग करने व्यवस्था नहीं बनाई गई है। हालांकि कुछ वर्ष पहले यहां पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लगात से नालियों से आ रहे प्रदूषित पानी को फिल्टर करने कार्य शुरू किया गया। वहीं पंप हाऊस बनाया गया, लेकिन इसका निमार्ण कार्य पूरा नहीं हुआ। यहां नालियों से आ रहा प्रदूषित पानी अब भी बूढ़ासागर में मिलकर पानी को प्रदूषित कर रहा है। जिससे पानी का रंग पूरी तरह से हरा हो चुका है और पानी में भी बदबू है।

#### हर महीने एक क्विंटल से अधिक निकलता पॉलिथीन

बूढ़ासागर में सबसे ज्यादा प्रदूषण यहां लाकर डाले जाने वाले कचरे से हो रहा है। मछली पालन करने वालों का कहना है कि समय-समय में तालाब की सफाई करते हैं। इस दौरान महीनेभर में लगभग 80-90 किलो पॉलिथीन का कचरा निकालकर फेंका जाता है। बूढ़ासागर में प्रतिदिन सैकड़ों बोरियों में अलग-अलग जगह से कचरा डाला जाता है। इसमें ज्यादातर दुकानों से निकलने वाला कचरा होता है। वहीं चिप्स के पैकेट, पानी पाउच, कैरीबैग की झीलियों की भरमार होती।

## कौमी एकता दिवस पर निकाली रैली

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज के समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कौमी एकता दिवस पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से मानव मंदिर चौक तक रैली का आयोजन किया गया।

उक्त रैली के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा हिंदू-मुस्लिम-सिख-इसाई आपस में हम भाई भाई, एक भारत श्रेष्ठ भारत, कौमी एकता का दीप जलाओ भारत को श्रेष्ठ बनाओ, जनजागरूकता हेतु विभिन्न नारे लगाए गए एवं स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा आम जनता के मध्य सभी जाति धर्म एक समान है तथा आपस में सामंजस्य बनाए रखने हेतु संदेश दिया गया, ताकि संपूर्ण समाज में एकता व सौहार्द्रता बनी रहे।

कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू , समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एके मंडावी, प्राध्यापक तारणी साहू, शालिनी सोनी, डॉ. प्रियंका लोहिया, चित्रांश राठौर व समाज कार्य विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर का आदेश आवाज दबाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



कलेक्टर कार्यालय परिसर मे सौ मीटर की परिधि मे पांच लोगों से अधिक की मौजूदगी मे पाबंदी, रैली धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी पर रोक लगाने के आदेश ने सियासी हलचल मचा दी है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश को विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने जनविरोधी और तानाशाही निर्णय करार देते हुए कहा कि कलेक्टर का यह आदेश सीधे तौर पर जिले की जनता और किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास है।

प्रदेश के किसी भी जिले में इस तरह का आदेश लागू नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिले की जनता पहले ही बिजली दरों में बढ़ोतरी, जर्जर सडक़ों, बढ़ती महंगाई और खराब फसलों के मुआवजे, बीमा जैसे मुद्दों से परेशान है।

ऐसे में जनता जब अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय आती है तो उसे अब सौ मीटर दूर रोक देना प्रशासन की तानाशाही है। अगर जनता कलेक्टर से नहीं मिल पाए तो नया जिला बनाने से क्या फायदा है। विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि जिले की मांग जनता ने 100 किमी दूर राजनांदगांव न जाना पड़े सोचकर किया था जिसे वाजिब मानकर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिले की सौगात दी।

#### कौन सुनेगा हमारी आवाज

विधायक वर्मा ने बताया कि 4 नवंबर को उनके नेतृत्व में हजारों किसान जिला कार्यालय पहुंचे थे। किसानों ने खराब फसल का मुआवजा, बीमा राशि का भुगतान, धान खरीदी पंजीयन में सुधार और गिरदावरी सर्वे में हुई अनियमितताओं के खिलाफ शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपने की कोशिश की। लेकिन कलेक्टर कार्यालय में मौजूद होने के बावजूद किसानों से मिलने नहीं पहुंचे। इससे किसानों में गहरा असंतोष फैला और उन्होंने शांतिपूर्ण नारेबाजी करते हुए कहा कलेक्टर से बाहर आकर बात सुनने की मांग की। उनकी चुप्पी और विधायक की मौजूदगी के बावजूद ज्ञापन लेने चेंबर से बाहर नही निकले जिससे नाराज किसानों घंटो गेट पर बैइ गए। विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि भाजपा के विष्णु देव सरकार को लक्षित करते हुए या फिर कलेक्टर ने जिले की जनता के आक्रोश से बचने के लिए आदेश जारी किया है क्योंकि प्रदेश के किसी भी जिले में जनता की मांगों को लेकर इस प्रकार का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। कलेक्टर सरकार का अंग है उन्हीं के माध्यम से राज्यपाल, राज्य शासन व केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौपने की परंपरा है। विधायक वर्मा ने कलेक्टर के आदेश को जनता और किसानों के आक्रोश से डरने की निशानी बताया। उन्होंने कहा कि जनता के सेवक होने के नाते कलेक्टर का कर्तव्य है कि वह जनता की समस्याओं को सुने और शासन तक पहुँचा कर उनका समाधान करे। उन्होंने इस आदेश के खिलाफ राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल निरस्त करने की मांग करने की बात कही है।

## करमतरा में परंपरागत रूप से मनाया जाएगा बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय किसान उ.मा. शाला करमतरा में इस वर्ष भी 14 नवंबर को परंपरागत रूप से बाल दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय में बाल मेला का आयोजन होगा। जिसमें छात्र-छात्राएं अपने हाथों से बनाए व्यंजन, हस्तशिल्प एवं सजावटी वस्तुओं के स्टॉल लगाएंगे।

बाल मेला को विशेष बनाते विद्यालय परिसर में इस वर्ष साप्ताहिक शुक्रवारी बाजार भी लगाया जाएगा, ताकि बच्चों को स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों से परिचित कराया जा सके।

जनपद सदस्य एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष टूमनलाल साहू ने विद्यालय पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया एवं बच्चों से रू-ब-रू हुए। उन्होंने कहा कि बाल मेला बच्चों की रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने छात्रों से मेहनतपूर्वक अध्ययन कर अपने माता-पिता, विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया। प्राचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि बाल मेला बच्चों को व्यवहारिक जीवन की सीख देता है। यह समझने का अवसर है कि कैसे पूंजी लगाकर लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। जिनका पुरस्कार वितरण गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाएगा।



बाल मेला की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणजन भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं और बच्चों को प्रोत्साहित करने की तैयारी में जुटे हैं।

## शिवनाथ कॉलेज में वंदे मातरम् का सामूहिक गान



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 7 नवंबर को रासेयो व इतिहास विभाग द्वारा वन्दे मातरम् राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गान गाया गया। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मार्गदर्शन में सालभर इसे महा अभियान के रूप मनाया गया। कार्यक्रम चार चरणों में पूर्ण होगा।

प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि बंकिमचंद चटोपध्याय ने 1875 में इस गीत की रचना की थी, जिसे पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के को ल का ता अधिवेशन में गाया गया। इस गीत में देशभक्ति के स्वर थे। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने कहा कि हमें अपने इतिहास, अपनी संस्कृति, अपनी मान्यताओं और अपनी परंपराओं को भारतीयता की नजर से देखना होगा। डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत का केवल राष्ट्रीय गीत ही सिर्फ स्वंतत्रता आंदोलन का प्राण ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की प्रथम उद्घोषणा है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक भर्ती परीक्षा आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

व्यापम द्वारा वार्ड ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला भर्ती परीक्षा का आयोजन कल 9 नवंबर को की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 से 1.15 बजे तक 3 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक व दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने केन्द्राध्यक्षें तथा पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

समन्वयक डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि यह परीक्षा व्यापम के नए निर्देशों के साथ होगी। परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 02 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। 10.30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षर्थियों की परीक्षा केन्द्र में फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षार्थियों के लिए व्यापम द्वारा ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थियों को ड्रेस कोड के रूप में हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनना अनिवार्य है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी एवं गहरे चाकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित होंगे। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर ही आएं। परीक्षा में कान के आभूषण प्रतिबंधित है। परीक्षा केन्द्र में इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

#### पहचान के लिए मूल प्रति अनिवार्य

सहायक समन्वयक दीपक कुमार परगनिहा ने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस जैसे किसी एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनका प्रवेश पत्र 2025 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थी वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र में दिए गए केन्द्र में निर्धारित समय से दो घंटे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित हो। ब्रिफिंग सत्र में परीक्षा के सभी केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा समन्वयक केन्द्र एवं नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं रवि साहू उपस्थित रहे।

## गौसेवा एवं संरक्षण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीराम गौ सेवा एवं जनकल्याण समिति खपरीकला के 10वां स्थापना दिवस पर मानव नवनिर्माण संस्थान राजनांदगांव ने विशेष रूप से सहभागिता दी। विगत 4 वर्षों से मानस संस्थान गौ सेवा एवं जैविक खेती के क्षेत्र में ग्रामवासियों को जागरूकता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मानव नव निर्माण संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार पटेल ने गौ सेवा की भारतीय परंपरा को आधुनिक जीवन शैली में पुनः शामिल करने में ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में प्रकाश डालते कहा कि वर्तमान पीढ़ी को गौमाता और उसकी सेवा की उपयोगिता से परिचित कराना हम सभी का महत्वपूर्ण दायित्व है ।

विषय को विस्तार देते संस्थान के सचिव उमाशंकर शर्मा ने गौशाला से एकत्र गोबर और गौमूत्र के प्राकृतिक रूप से तैयार खाद के महत्व के बारे में कहा कि अब लोग अपने घरों और आंगन में उगाए जाने वाले सब्जियों और फूलों के गमले में व्यापक रूप से उपयोग में ला रहे हैं, जो कि सस्ता और पूर्णतः प्राकृतिक और स्वास्थप्रद होता है। आमजनों में गोबर के खाद के प्रति बढ़ता आकर्षण गौसेवकों के लिए प्रेरणास्पद सिद्ध हो रहा है।



#### संकल्प और समर्पण की सराहना

संस्थान के वरिष्ठ सदस्य डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने श्रीराम गौसेवा एवं जनकल्याण समिति को 5000 रुपए की राशि भेंट करते कहा कि समिति के सीमित संसाधन के बावजूद निःस्वार्थ भाव से गौसेवा के संकल्प और समर्पण की सराहना करते कहा कि दोनों संस्थाएं मिलजुलकर गौसेवा, संरक्षण और गौ उत्पाद के उपयोग के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए भविष्य में भी कार्य करती रहेगी। गौसेवा समिति की ओर से वरिष्ठ एवं संस्थापक सदस्य डॉ. देवेंद्र साहू ने मानस संस्थान के सदस्यों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।






भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम, समर्पण और राष्ट्र प्रेम की भावना ही पार्टी व संगठन की असली शक्ति है: भावना

# पोलमी में विस स्तरीय दीपावली मिलन व आत्मनिर्भर भारत सम्मलेन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर/पंडरिया

पंडरिया विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन एवं ऊर्जावर्धन करने के लिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा हाई स्कूल मैदान पोलमी-पंडरिया में विधानसभा स्तरीय दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में पंडरिया विधानसभा के लगभग 2500 से अधिक की संख्या में बूथ स्तर से लेकर सहसपुर लोहारा एवं पंडरिया जनपद, शक्ति केंद्र, नगर पालिका व पंचायत, जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें। पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन किया और दीपावली मिलन समारोह में पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक सुनील सोनी और उनकी पूरी टीम द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ नाचते-गाते हुए नजर आए और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और पार्टी एवं देश के प्रति उनकी निष्ठा, सेवा भावना,समर्पण एवं परिश्रम के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता का परिश्रम, समर्पण और राष्ट्र प्रेम की भावना ही पार्टी व संगठन की असली शक्ति है। आज हमें विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी का गौरव आप सभी के खून-पसीने व परिश्रम की बदौलत मिली है। चुनाव हो या राष्ट्र सेवा, जनता की समस्याओं का निराकरण करना हो या किसी आपदा में उनकी सहायता, भाजपा का हर कार्यकर्ता एक कर्तव्य निष्ठ सिपाही की तरह हमेशा अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए तत्पर रहता है। आपकी यह निःस्वार्थ भावना ने ही भाजपा को आज जन-जन के दिलों में बसाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं, एक भारत-श्रेष्ठ भारत, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत जैसे सार्थक अभियानों को मूर्त रूप देने के साथ ही छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन, जन-कल्याण की योजनाओं और प्रदेश की प्रगति के लिए किए जा रहे विकास कार्यों का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अनवरत प्रयासों से ही आज हमारा देश-प्रदेश विश्व के मानचित्र में अपनी एक अमिट छाप छोड रहा है। आज भारत आत्मनिर्भर बन रहा है, हर क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है जिससे हर क्षेत्र में हम अपने ही देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग कर रहें हैं वहीं अनुसंधान, विज्ञानं, अंतरिक्ष और रक्षा के क्षेत्र में भी भारत की आत्मनिर्भरता स्पष्ट रूप से दिख रही है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज हमारा देश डिफेन्स के क्षेत्र में उपकरणों का एक्स्पोर्ट कर रहा है। विगत वर्षो में मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत कई नीतिगत पहलें की हैं, जिनका उद्देश्य देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करना है। आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की मूल भावना है। जब हर नागरिक स्वदेशी को अपनाता है और अपने श्रम, कौशल व उत्पाद पर गर्व करता है, तभी भारत सशक्त बनता है। हमें अपने जीवन में स्वदेशी को अपनाकर देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए।

## पंडरिया विधानसभा में विकास की गति तीव्र हुई : विधायक



विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि एक समय था जब कांग्रेस के कुशासन में हमारा पंडरिया विधानसभा उपेक्षित था, जनता की समस्याओं को न सुना जाता था ना ही उसका निराकरण होता था। भ्रष्टाचार चरम पर था, विकास कार्य केवल कागजों पर सिमित थे, सड़कें बदहाल थी, जनता अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही थी, लेकिन सत्ता में बैठे कांग्रेस के नेताओं और शासन उनकी आवाज को अनसुनी कर रही थी। तब आप सभी कार्यकर्ताओं ने जनता तक पहुंचकर एक-एक बूथ में एक-एक घरों तक जाकर कांग्रेस के कुशासन को समाप्त कर पंडरिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को मजबूत किया और आज छत्तीसगढ़ सहित पंडरिया विधानसभा में भी विकास की गति तीव्र हुई है। लगातार विकास कार्यों से यहां की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई, बेहतर रोड से कनेक्टिविटी बढ़ी, लोगों को पक्के आवास मिले, किसानों को धान बोनस और 31 सौ रुपए में धान खरीदी से वे सशक्त हुए, महतारी वंदन योजना से माताओं-बहनों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता मिली, युवाओं को रोजगार मिल रहा है वहीं अधोसंरचना के निर्माण कार्य निर्बाध व पारदर्शिता के साथ आकार ले रहें हैं। हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंच रहा है, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में रहने वाले जनजाति समाज के हमारे भाई-बहनों के घरों तक पक्की सड़कें और मकान पहुंचा, स्वच्छ पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ हुई, पीएम जनमन योजना एवं नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं से वे विकास की मुख्य धारा से जुड़े हैं।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान से विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व बढ़ाः कोमल

कार्यक्रम में खैरागढ़ के पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से विश्व में भारत का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। आत्मनिर्भर भारत का मतलब है, एक ऐसा भारत जो अपनी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर न हो, बल्कि अपनी ताकत से आगे बढ़े। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय अभियान है जो हमें आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने का लक्ष्य रखता है। आज प्रधानमंत्री के हर घर स्वदेशी-घर-घर स्वदेशी एवं वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने देशवासियों को स्थानीय उत्पादों व कारीगरों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान जिला संयोजक रामकुमार भट्ट ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है। आज भारत इम्पोर्ट की जगह एक्पोर्ट करने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। स्थानीय उत्पादों एवं कारीगरों को प्रोत्साहन मिल रहा जिससे वैश्विक मंच पर भारत का प्रभुत्व भी बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं, एक विचार है जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है। कार्यक्रम में पंडरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत वटिया ने आभार भाषण देते हुए उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# माता-पिता की सेवा से भगवान प्रसन्न होते हैं : पं. आनंद उपाध्याय



■ माता-पिता की तन-मन और धन से सेवा करते हैं उनसे भगवान प्रसन्न होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धर्म नगरीय कवर्धा में वेद श्रीवास्तव के निज निवास में आयोजित श्री शिव महापुराण की कथा में शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय ने कहा कि भगवान श्री शिव-पार्वती के विवाह के बाद भगवान श्री कार्तिकेय और गणेश दोनों पुत्र हुए दोनों के विवाह के संदर्भ में गणेश ने माता-पिता की परिक्रमा की और भगवान गणेश का पहले विवाह हुआ। माता-पिता में सारे तीर्थ निवास करते हैं, माता-पिता की पूजा और परिक्रमा से पृथ्वी की परिक्रमा का पुण्य मिलता है। जो अपने माता-पिता को घर में छोड़कर तीर्थ यात्रा में जाता है। माता-पिता की तीर्थयात्रा में जाने का मन और शरीर शक्ति होने पर भी उन्हें तीर्थ यात्रा में नहीं ले जाता ऐसे पुत्र को तीर्थ यात्रा से कोई पुण्य नहीं मिलता, ऐसे पुत्र को माता-पिता की हत्या का पाप लगता है। जो पुत्र अपने माता-पिता की तन-मन और धन से सेवा करते हैं उनसे भगवान प्रसन्न होते हैं।

उन्होने बताया कि हम सब को भगवान मानकर माता-पिता की सेवा करनी चाहिए, माता-पिता में दोष नहीं देखना चाहिए, माता-पिता की कभी निंदा नहीं करनी चाहिए, सारे संसार को भगवान मय देखना भक्ति है, संसार की भगवद्भाव से सेवा करना भक्ति है। यही भगवान कृपा करके 12 द्वादश ज्योतिर्लिंगों के रूप में प्रगट हुए हैं। दक्ष ने अपने 27 कन्या का विवाह चन्द्रमा से किया था चन्द्रमा रोहिणी को सबसे अधिक प्रेम करते थे और शेष पत्नियों की उपेक्षा करते थे। पक्षपात करना भेदभाव करना अपराध है इससे घर नरक बन जाता है। दक्ष ने चंद्रमा को समझाया कुछ दिन बाद फिर वही उपेक्षा करने के कारण दक्ष ने शाप दिया कि चंद्रमा को क्षय रोग हो जाय।

तब चंद्रमा ने भगवान शिव जी की आराधना की तपस्या की तब भगवान शंकर जी प्रगट हुए और आर्शीवाद दिया तथा क्षय रोग को घटने बढ़ने वाला कर दिया वहीं शंकर भगवान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान हुए प्रथम ज्योतिर्लिंग की स्थापना हुई। 12 द्वादश ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया।

## विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिलः उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**हरिभूमि कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामों का दौरा किया और ग्रामीणों से सीधे-संवाद स्थापित किया। उन्होंने ग्राम चरडोंगरी, खड़ौदा खुर्द एवं रघुपारा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों से आत्मीय भेंट की। ग्राम चरडोंगरी पहुंचकर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनके हाल-चाल जाने। उन्होंने ग्रामीणों से उनकी मांगों, समस्याओं और शिकायतों को विस्तार से सुना तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार का उद्देश्य हर ग्राम तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सुनिश्चित करना है। पश्चात उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्राम खड़ौदा खुर्द पहुंचे, जहां उन्होंने स्व लोकनाथ साहू के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने ग्राम रघुपारा में आयोजित स्व लक्ष्मण दास पटेल के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि समाज की एकता और आपसी सहयोग की भावना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। दुख के समय एक-दूसरे का साथ देना ही सच्ची मानवता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

# शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में छात्राओं को सायकिल का वितरण

■ 32 छात्राओं को सुषमा बघेल व रामकुमार भट्ट ने सायकल वितरित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



राज्य शासन द्वारा शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर कक्षा नवमी में अध्यनरत छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनांतर्गत 32 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित एवं पूजा अर्चना कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा गनपत बघेल तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकुमार भट्ट सदस्य जिला पंचायत एवं सभापति एवं विशिष्ट अतिथियों में विजय पटेल जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति पंचराम कोसले अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सिंधु टंडन, राम रतन कुर्रे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामकुमार भट्ट ने बच्चों को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी साथ ही पढ़ाई का महत्व बताते हुए अपने स्कूली शिक्षा के बारे में बताया और पढ़ाई को सफल बनाने के लिए सच्ची लगन से मेहनत करने की बात कही।

साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का जैसे निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, सायकल, छात्रवृत्ति लड़कियों को स्नातक तक निःशुल्क शिक्षा एवं उच्च शिक्षा हेतु निःशुल्क कोचिंग के संबंध में बच्चों से चर्चा की गई, कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य लक्ष्मण मिरी, सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, पूनम साहू, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल, अजय श्रीवास्तव व पालक गण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# संकुल केंद्र पोलमी में बाल कौशल प्रतियोगिता संपन्न

■ शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर



पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत संकुल केंद्र पोलमी में दो दिवसीय आयोजित संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

संकुल प्राचार्य रामप्यारे पेंद्रो एवं समन्वयक अशोक पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय आयोजित प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत आने वाले चार पूर्व माध्यमिक शाला व 12 प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कबड्डी, खो-खो, दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद जैसे खेलों के साथ-साथ मेहंदी, रंगोली, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, सुई-धागा दौड़, गोली-चम्मच दौड़ और विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गई।

जिस पर मुख्य अतिथि श्रीमती दीपा धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी अब हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बस उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर ने विद्यार्थियों को अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित थें। वहीं मंच का संचालन राकेश सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, बचनराम मार्केडे, ईश्वर सिंह परस्ते, खेमराज जांगड़े, भरत यादव, सुंदर सिंह श्याम, श्रीमती चंद्रिका पुसाम, समर सिंह पंद्राम, शंकर लाल धुर्वे, वीर सिंह छेदावी, देव पांडेय, भागवत सोनवानी, शंकर यादव, कार्तिक सिंह सैयाम, शिक्षक-शिक्षिकाएं महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद्र ठाकुर, घनश्याम कश्यप, मनोहर घृतलहरे, फिरतराम धुर्वे, अक्कल सिंह मरावी, श्रीमती ममता धुर्वे, गंगाराम मरावी, थानसिंह नेताम, किशोर पाल, रामचरण परस्ते, मानसिंह मरावी, हीरालाल धुर्वे, तितरू मरावी, तमेश्वर अनंत, प्रशांत तिवारी, श्रीमती बैसाखिन धुर्वे, श्रीमती प्रियंका कौशिक, पवन पटेल, ममता राजपूत, ऊषा साहू, लक्ष्मी साहू, ग्राम अतिथियों में मधुर सिंह मरावी, धनीराम करायत, शिवकुमार धुर्वे, रामनाथ करायत, कालीचरण शिव, हीरा बघेल, भागसिंह मरावी, नानुकलाल गढेवाल, विजय गढ़ेवाल, संतोष श्रीवास, प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आद्य सरसंघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर आधारित संघ सृजन का नाट्य मंचन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नाट्य मंचन ने दर्शकों को डॉ हेडगेवार के राष्ट्र समर्पण, संगठन निर्माण और त्यागमय जीवन की प्रेरक झलक दिखाई। कलाकारों ने मंच पर उनके जीवन संघर्ष, संघ की स्थापना और संगठन निर्माण यात्रा का जीवंत मंचन किया। नाटकमंच द्वारा प्रस्तुत यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग तथा सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि युग प्रवर्तक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि संगठन ही राष्ट्र की शक्ति है। उनका आदर्श आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के आठ स्थानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोग डॉ. हेडगेवार के जीवन वृत्त को जान सके। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार का जीवन स्वयं में सीखने योग्य है।

# संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



पंडरिया विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र पाढ़ी में 05 से 07 नवंबर तक तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें ऑल ओवर सभी सामूहिक एवं एकल खेल में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पाढ़ी का दबदबा रहा। इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थानेश्वर जायसवाल जनपद सभापति पंडरिया प्रमुख रूप से उपस्थित थें व विशिष्ट अतिथि सरपंच लेखराम बांधकर, उप सरपंच गोविंद पटेल, रसपाल सिंह टेकाम साथ ही कार्यक्रम में पूर्व बीआरसीसी अर्जुन चंद्रवंशी तथा विकासखंड खेल अधिकारी अश्वनी चंद्राकर उपस्थित थें। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला के स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोविंद पटेल, शिलाप सचिव, रामकीर्तन यादव, तिहारी राम पटेल, पंचराम, सतीश, अमरचंद, सीताराम पटेल, बद्री साहू, पंचू दास मानिकपुरी, प्रहलाद पटेल, रामरतन विश्वकर्मा उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम की समापन संकुल समन्वयक द्वारा किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य साथ साथ शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## ग्रीन इंडिया मिशन में विद्यार्थियों ने सृजनात्मक प्रतिभा दिखाई

# राज्य स्तरीय कला प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कला प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर-कवर्धा के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कुल 71 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें भागीदारी प्रमाणपत्र एवं क्राफ्ट किट प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्राओं जिसमें ओम नेताम, गगन चंद्रवंशी, नेहा सिन्हा, पूर्वी साहू, निशल छेड़ावी तथा आरोही जायसवाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पदक एवं प्रमाणपत्र प्राप्त किए। विद्यालय में इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन कला शिक्षक एवं परीक्षा आयोजक प्रशांत पॉल के मार्गदर्शन में किया गया।

विद्यालय की प्राचार्या ग्रेशिया एन फीग्रेड ने प्रातःकालीन सभा में सभी विजेता विद्यार्थियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की। साथ ही प्राचार्या ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु प्रशांत पॉल को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### दिव्यांग खिलाड़ी हरिहर राजपूत जाएंगे थाईलैंड

**कवर्धा।** वर्ल्ड कप थाईलैंड 2025 के लिए छत्तीसगढ़ के एक मात्र खिलाड़ी हरिहर का चयन भारतीय टीम में हुआ है। ग्राम पंवरजली जिला कबीरधाम के दिव्यांग खिलाड़ी हरिहर सिंह राजपूत ने पारा फेंसिंग राष्ट्रिय प्रतियोगिता 2025 चेन्नई में स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ के लिए अर्जित किया था। हरिहर को यह मौका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने के लिए मिला है। वर्तमान में हरिहर सिंह राजपूत भारती खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्ट केंद्र गांधीनगर गुजरात में एशियन गेम की तैयारी कर रहा है।

### बेमौसम बारिश के बाद अब बढ़ रही है ठंड

**कवर्धा।** हाल के दिनो में कवर्धा सहित अंचल में हुई बेमौसम बारिश के बाद अब ठंड का असर दिखना शुरू हो गया। बदलते मौसम के चलते अब सुबह सूर्योदय के पूर्व तथा शाम को सूर्यास्त के बाद हल्की ठंड महसूस की जाने लगी है। हालांकि अभी शहरी क्षेत्रों में ठंड का असर कम है लेकिन जहां तक जिले के वनांचल ईलाकों की बात की जाए तो यहां गर्म कपड़ा पहनने लायक ठंड पड़ने लगी है।

**कथा:** घुघरी खुर्द में शिव भक्ति का अद्भुत प्रवाह, लगातार उमड़ रही भक्तों की भीड़

# जिसे सबने ठुकराया उसे मेरे महादेव भोलेनाथ ने अपनाया: पंडित प्रदीप मिश्रा







हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

घुघरी खुर्द में जारी पांच दिवसीय शिव पुराण कथा एवं सुरभि गौमाता संरक्षणार्थ रुद्र महायज्ञ के तीसरे दिन भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिवभक्तों ने पावन शिव महापुराण कथा श्रवण कर भावविभोर हो गए।

यह आयोजन कवर्धा निवासी गणेश तिवारी, नेहा तिवारी, आशीष तिवारी परिवार द्वारा श्रद्धा एवं समर्पण के साथ किया जा रहा है। तीसरे दिन व्यासपीठ से पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले ने कहा कि देवाधिदेव महादेव की कृपा से कवर्धा की यह भूमि पवित्र हुई है, यहां रुद्र महायज्ञ और कथा के माध्यम से प्रभु की अविरल भक्ति प्रवाहित हो रही है।

उन्होंने कहा कि मानव शरीर प्राप्त कर ईश्वर को पा लेना दुर्लभ है, संसार में कई लोग जन्म लेकर भी भक्ति का मार्ग नहीं समझ पाते। पंडित मिश्रा ने कहा खुद पर और भोलेनाथ पर किया भरोसा कभी टूटता नहीं है। जो स्वयं पर विश्वास करता है, वही मंज़िल पाता है। उन्होंने धमतरी की एक बालिका रिया का पत्र पढ़ते हुए बताया कि उसने, अपने पत्र में सवाल किया था कि क्या मैं डॉक्टर बन सकती हूं?। जिसके जवाब मैंने कहा खुद पर भरोसा रखो, एक लोटा जल श्रद्धा से भोलेनाथ को अर्पित करो, मेहनत करो, कोई ताकत तुम्हें रोक नहीं सकती।

आज वही रिया नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनने की राह पर है। इसी तरह बलौदा बाजार की शशि नायर ने बाबा की कृपा और मेहनत से मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाया। उन्होंने कहा पत्रिका में लिखा भाग्य बदल सकता है, यदि मनुष्य मेहनत करे और विश्वास रखे। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया दी जब पंडित मिश्रा ने कहा मेरे महादेव ने उस सर्प को धारण किया जिसे सबने ठुकराया, राख को अपनाया जिसे कोई महत्व नहीं देता था, धतूरे को अपना लिया जिसे सबने त्याग दिया। महादेव सबको अपनाने वाले हैं, यही शिवत्व है। उन्होंने बलौदा बाजार की गिरजा साहू और दिनेश साहू का उल्लेख करते हुए कहा शिव और गुरु पर अटूट विश्वास से उनकी बेटी को कोर्ट में स्टेनो की नौकरी मिली। विश्वास और भक्ति से सब संभव

### पंडित प्रदीप मिश्रा ने भोरमदेव मंदिर में की पूजा अर्चना

कबीरधाम जिले के ग्राम घुघरी खुर्द में आयोजित शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन देरशाम पंडित प्रदीप मिश्रा भोरमदेव मंदिर पहुंचे। जहां उन्होने अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक किया। उन्होंने भोरमदेव धाम में विराजमान महादेव के दिव्य दर्शन कर संपूर्ण विश्व के कल्याण की मंगल कामना की। पूजन के पश्चात पंडित श्री मिश्रा ने प्रार्थना की कि भोलेनाथ सबके जीवन से दुख, भय और अज्ञान का नाश करें, और विश्व में शांति, समृद्धि तथा सद्भावना का प्रकाश फैले।

### कथा के अंत में पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से की घोषणा

घुघरी खुर्द में चल रही शिव महापुराण की कथा के तीसरे दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने व्यासपीठ से घोषणा करते हुए कहा कि घुघरी खुर्द की बेटियां यदि डॉक्टर या इंजीनियर बनना चाहें, तो हमारी संस्था उनके उच्च शिक्षा का संपूर्ण खर्च वहन करेगी। उल्लेखनीय है कि पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिद्ध में संचालित श्री विठ्ठलेश्वर सेवा समिति कुबेरेश्वर धाम, मध्य प्रदेश द्वारा कई जनकल्याणकारी कार्य करती है। तीसरे दिन की कथा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस धार्मिक आयोजन को लेकर शिव भक्तों में भारी उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है। पांच दिवसीय शिव महापुराण की कथा में दिन ब दिन श्रोताओं की भीड़ बढ़ते ही जा रही है।

## चार माह बाद भी नहीं हो पाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में रिश्वतखोरी मामले की जांच, डिग रहा लोगों का भरोसा

- कलेक्टर ने जांच अधिकारी नियुक्त कर हफ्ते में रिपोर्ट पेश करने दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

जिले में कई मामलो की न तो प्रशासनिक जांच में दम दिख रहा है और न ही जांच की आंच आरोपियों को झुलसा पा रही है। जिसे देखते हुए आला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश-निर्देशों पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि करीब चार माह पूर्व के महिला एवं बाल विकास विभाग से बड़ी लापरवाही और रिश्वतखोरी का गंभीर मामला सामने आया था। जहां आंगनवाड़ी केन्द्र मुड़घुसरी में कार्यकर्ता और सहायिका पद की भर्ती के दौरान गीता मेरावी नामक महिला अभ्यर्थी ने परियोजना अधिकारी नमन देशमुख पर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था।

इस पूरे प्रकरण का ऑडियो क्लिप मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें परियोजना अधिकारी और कर्मचारी रामाधार के बीच पैसों की बातचीत स्पष्ट रूप से सुनी जा सकती है। मीडिया में मामला आने के बाद कवर्धा कलेक्टर ने तत्काल बोड़ला एसडीएम को जांच अधिकारी नियुक्त कर सात दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी जांच रिपोर्ट आज तक सामने नहीं आई। इससे यह साफ जाहिर होता है कि जिले में कलेक्टर के आदेशों को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। पीड़िता गीता मेरावी का कहना है कि उसने कार्यकर्ता पद के लिए मांगे गए एक लाख रुपए में से पचास हजार रुपए दिए थे, लेकिन शेष राशि न देने पर उसकी नियुक्ति रद्द कर दी गई।

उसने कहा कि जब जिला कलेक्टर ही अपने आदेशों का पालन नहीं करा पा रहे हैं, तो जिले में रिश्वतखोरी की जड़े कितनी गहरी हैं, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इस मामले में जांच अधिकारी एसडीएम रूचि शार्दुल का तबादला होने के बाद नए एसडीएम को जांच सौंपी गई, लेकिन दो माह बीतने के बावजूद रिपोर्ट नहीं आई। सभी पक्षों के बयान दर्ज होने के बाद भी जांच अधूरी पड़ी है। वहीं कर्मचारी रामाधार ने अपने लिखित बयान में यह स्वीकार कर चुका है कि उसने परियोजना अधिकारी नमन देशमुख के कहने पर ही पैसों की मांग की थी।

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा में इस तरह का रिश्वतखोरी का मामला सामने आना और कलेक्टर का अपने ही आदेशों का पालन न करा पाना, शासन-प्रशासन की छवि पर सीधा सवाल खड़ा करती है।

## सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित

### आश्रित ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

सहकारी समिति कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल का सीधा असर अब आम जनता, विशेषकर गरीब राशनकार्ड धारकों और किसानों पर दिखाई देने लगा है।

हड़ताल के चलते जहां एक ओर आगामी धान खरीदी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मुफ्त चावल पाने वाले राशनकार्ड धारियों को भी नवंबर महीने का खाद्यान्न अभी तक नहीं मिल पाया है। कई दिनों से जारी इस बेमुद्दत हड़ताल के कारण कोदवा गोडान, मझोलीरवन, चतरी, सरईसेत, झिंगराडोंगरी, छिरपानी और कामठी समेत अंचल की किसी भी सोसायटी में चावल का वितरण नहीं हो सका है। मुफ्त का राशन खाने के आदी हो चुके लोगों के सामने भी समय पर चावल नहीं मिलने से इस महीने खाने के लाले पड़ जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग पहले मजदूरी पर आश्रित थे, वे भी अब मुफ्त चावल और 'महतारी वंदन' जैसी योजनाओं के कारण मेहनत-मजदूरी से जी चुराने लगे थे। अब चावल न मिलने की स्थिति में उन्हें मजबूरी में मजदूरी करनी भी पड़ी तो बाजार से महंगे दर पर चावल खरीदना पड़ेगा, जिससे ग्रामीणों में असंतोष पैदा होने की आशंका है।

#### जिम्मेदारी में कोताही

सहकारी समिति कर्मचारी संघ अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर है। इस हड़ताल के चलते 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी को लेकर भी संशय की स्थिति बन गई है। कर्मचारियों के काम पर न होने से धान खरीदी केंद्रों में खरीदी संबंधी व्यवस्थागत तैयारियां भी नहीं हो पाई हैं। ऐसे में, यदि सरकार और हड़ताली कर्मचारियों के बीच जल्द कोई सुलह नहीं हुई, तो धान खरीदी शुरू होने में लेट लतीफी हो सकती है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा। फिलहाल, इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, प्रशासन और सरकार से जल्द हस्तक्षेप की उम्मीद की जा रही है ताकि राशन वितरण सामान्य हो सके और धान खरीदी समय पर शुरू हो पाए।

## बाल विवाह रोकथाम एवं पोषण पखवाड़ा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

विकासखंड के ग्राम तरेगांव जंगल स्थित समरसता भवन में बाल विवाह रोकथाम एवं सही पोषण पर आधारित पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नितेश अग्रवाल जिला महामंत्री उपस्थित थे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में बालका राम किंकर अध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, नन्द श्रीवास उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, मोहन धुर्वे मंडल अध्यक्ष, नरेश चंद्रवंशी मंडल उपाध्यक्ष, विष्णु बैगा सभापति, छोटे लाल मरकाम सभापति, शिवनाथ मेरावी सरपंच, ग्राम पंचायत तरेगांव जंगल, जनपद सदस्य यशवंत मरकाम, रमेश मेरावी, हरीश मेरावी, पुसईया बाई उपसरपंच तथा तिहारी सिंह मंडल मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुश्री चंचल यादव जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा सत्यमित्र शास्त्री दत्तक ग्रहण केन्द्र स्नेह ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। स्टाफ एवं पर्यवेक्षकगण हुलेश धुर्वे, रामाधार सकत, दिनेश साकत, करुमा वर्मा, माया बारगाह, धनेश्वरी कश्यप, जिज्ञासा देवांगन सहित अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान पोषण संबंधी व्यंजन प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम पर एक प्रेरक नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। अंत में अतिथियों ने कहा कि सही पोषण स्वस्थ समाज की नींव है और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

## एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह आदान सामग्री वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में योजना अंतर्गत चयनित ग्राम सिंगारपुर एवं गांगपुर के लगभग 75 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को उन्नत प्याज किस्म भीमा शक्ति एवं भीमा किरण के बीज का वितरण किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से परिचित कराना और बागवानी फसलों में उत्पादकता एवं लाभप्रदता बढ़ाने के उपायों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालाराम साहू रहे। लालाराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसान यदि खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाएं तो वे अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती करना समय की मांग है। इस अवसर पर उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. नानक चंद बंजारा ने किसानों को उन्नत प्याज उत्पादन तकनीक की जानकारी दी।

## डीईओ ने हाई स्कूल छिरहा का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने शनिवार को शासकीय हाई स्कूल छिरहा का आकस्मिक निरीक्षण किया। सुबह आठ बजे किए गए इस निरीक्षण में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी सहित सभी व्याख्याता अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिले और विद्यालय की व्यवस्था चाक-चौबंद पाया गया। डीईओ ने विद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक तैयारियों सहित जनजातीय गौरव पखवाड़ा, अपार आईडी, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम, दसवीं में वार्षिक परीक्षा लक्ष्य और उपचारात्मक शिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान डीईओ ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का गुणवत्ता परीक्षण पश्चात कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने बस्ते के बोझ से मुक्ति, ओपन लाइब्रेरी, प्रयोगशाला व पुस्तकालय का समुचित उपयोग, गणित मेला जैसे विद्यालय के नवाचारी कार्यों की जानकारी प्रदान किया। डीईओ ने विद्यालय के उत्कृष्ट व्यवस्था और शिक्षण की सराहना किया।

## वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मणोत्सव के शुभ अवसर पर जनपद पंचायत नवीन सभा कक्ष में प्रधानमंत्री के वंदे मातरम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया एवं वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया भी गया। क्षेत्रवासियों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया और उन्होने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिव कुमार साहू, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष लालाराम साहू, परदेशी पटेल, रामचरण साहू, दिनेश विश्वकर्मा, ईश्वरी साहू, सौरभ श्रीवास्तव, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**युवा कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर तीन दिन में आरोपी की गिरफ्तारी की रखी मांग**

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर कालिख पोतने से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने की घटना की युवा कांग्रेस ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे न सिर्फ संविधान निर्माता का अपमान बताया है बल्कि सामाजिक सौहार्द को भंग करने का प्रयास भी बताया है। युवा कांग्रेस ने इस मामले को लेकर स. लोहारा पुलिस थाना में एक आवेदन सौंपकर इस कृत्य को अंजाम देने वाले की पतासाजी कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में युवा कांग्रेस के जिला



अध्यक्ष चंद्रभान कोसले और युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि इस घटना की हम कड़े शब्दों में निंदा करते है और प्रशासन से मांग करते है कि घटना में शामिल दोषियों को तीन दिनों के भीतर गिरफ्तार किया जाए और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। साथ ही उन्होने ने शासन-प्रशासन से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए हर जिले में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। उन्होने कहा कि यह गंभीर और बेहद संवेदनशील मामला है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्व की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ या कालिख पोतने जैसी हरकत समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य मानी जाती है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि शासन-प्रशासन द्वारा इस पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जिसके चलते इस कृत्य को अंजाम देने वाला आरोपी अभी तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। ज्ञापन सौपने के दौरान मुख्य रूप से नेत्रराम जँघेल, चोवाराम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लोहारा शौखी साहू, शरद बांग्ली, सुरेश पटेल, धन्ना नागराज, विक्की लहरें, अजय बंजारे, संतोष मरकाम यंगवेन्द्र मंडावी, मनीराम छेदवी, सुखदेव ठाकुर, जागृत बंजारे, नवनीत वाहने, करुण डोगरे, महेश गजभिए, गोलू गोलकर, सुनील टंडन सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।